कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं.1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 500 009.
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS.
NO.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD - 500 009.
दूरभाष/Telephone : 040-27843385 फैक्स / Fax: 040-27817275

परिपत्र

दिनांक : 09.01.2015

सं. प्रशा/II/5501/सेवापंजी/2015

सेवा में

1. प्रभारी अधिकारी (सिकंदराबाद/वैज़ाग स्थित सभी अधीनस्थ कार्यालय - मानक सूची के अनुसार)
2. प्रभारी अधिकारी (मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग)

विषय : नामांकन के संबंध में ।

****

हाल के दिनों में कुछ कर्मचारियों की सेवापंजियाँ देखने से यह पाया गया है कि परिवार-विवरण (परिवार पेंशन के लिए), डी.सी.आर.जी., सी.जी.ई.जी.आई.एस., जी.पी.एफ. से संबंधित नामांकन के प्रपत्रों को प्रस्तुत नहीं किया गया है जिसके कारण उन्हें सेवापंजी में अभिलेख हेतु नहीं रखा गया है ।

2. डी.सी.आर.जी. और अन्य संबंधित मामलों के नामांकन बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज़ हैं और इन्हीं के आधार पर आवश्यकता पड़ने पर लाभार्थी के दावों को मान्यता मिलती है और उनका निपटान किया जाता है।

3. जिन मामलों में नामांकन प्रस्तुत नहीं किए गए हैं अथवा यदि फाइल भी किया गया है परंतु अपूर्ण है या सभी प्रकार से अद्यतन नहीं है या नामांकन उन व्यक्तियों के नाम पर है जो विभिन्न उपयुक्त कारणों से अमान्य हो गए हैं, ऐसे मामलों में संशोधित नामांकन प्रस्तुत किए जाएं जिसके साथ एक आवेदन भी हो जिसमें पिछले नामांकन के रद्द करने के कारण दिए जाएं ।

4. आगे यह भी सूचित किया जाता है कि नामांकन प्रपत्र में परिवारजनों को आश्रितों के रूप में (जहाँ भी लागू हो) नामांकित करते समय, यह घोषण तभी की जानी चाहिए जब इस विषय पर विद्यमान आदेशों के अनुसार वह व्यक्ति आश्रितों के वर्ग में आता हो । यदि इस मामले में कोई संदेह उत्पन्न हो कि अमुक व्यक्ति संबंधित नामांकन फार्म में आश्रित दिखाया जा सकता है अथवा नहीं, उस व्यक्ति की यथार्थता का सबूत प्रस्तुत करने की पूरी ज़िम्मेदारी केवल सरकारी कर्मचारी की होगी ।

5. यह नोट करें कि यदि नामांकन प्रपत्र में कोई मिथ्यात्मक घोषणी की जाती है और उसके बारे में पता चल जाता है तो ऐसे मामलों को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा और विद्यमान आदेशों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी ।

इस परिपत्र के अंशों को सभी अधिकारियों/कर्मचारियों और एम.टी.एस. के ध्यान में लाया जाए । साथ ही साथ नए भर्ती कर्मचारियों को इन नामांकनों के महत्व के बारे में अवगत कराएं और उन्हें नामांकन प्रपत्रों को पूरी तरह भरकर प्रस्तुत करने का निदेश दें तथा मुख्य कार्यालय भेजें (यदि अभी तक प्रस्तुत नहीं किया गया है)

कृपया पावती दें ।

बाल जवाहर

(बी. बाल जवाहर)
रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)